INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

राजस्थान

ग्राम विकास अधिकारी (VDO)

(मुख्य परीक्षा हेतु)

राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग (RSSB)

भाग – 4

भारत + विश्व + राजस्थान का भूगोल + अर्थव्यवस्था

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य परीक्षा)"** में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

Online Order करें - https://shorturl.at/qCIJS

WhatsApp करें - https://wa.link/9h4q2x

मूल्य : ₹	संस्करण : नवीनतम

क्र. सं.	अध्याय	पृष्ठ सं.
	राजस्थान का भूगोल	
1.	राजस्थान का भौगोलिक परिदृश्य	1
2.	राजस्थान का मौसम (जलवायु	30
3.	नदियाँ एवं झीलें	39
4.	वनस्पति एवं वन्य जीवन एवं वन सरंक्षण	57
5.	मिट्टी के प्रकार	66
6.	भौगोलिक क्षेत्र	71
7.	मानव संसाधन एवं जनसंख्या समस्याएँ	71
8.	बेरोजगारी	76
9.	गरीबी , सूखा , अकाल व बढ़ता हुआ रेगिस्तान	77
10.	खान एवं खनिज	81
11.	वन, भूमि एवं पानी	91
12.	पशु संपदा	91
13.	वन्य जीवन एवं वन सरंक्षण	99
14.	ऊर्जा संसाधन	99
	राजस्थान के संदर्भ में कृषि व कृषि संसाधन	
1.	राजस्थान की खाद्य एवं वाणिज्यिक फसलें	108
2.	कृषि आधारित उद्योग	118
3.	वृहद सिंचाई एवं नदी घाटी पारियोजनायें	120
4.	बंजर भूमि व सूखा क्षेत्र का विकास के लिए परियोजनाएं	128
5.	इंदिरा गांधी नहर परियोजना	130
6.	उद्योगों का विकास एवं उनका स्थान	130
7.	लघु एवं ग्रामोद्योग	133
8.	निर्यात सामग्री	135

9.	राजस्थानी हस्तकलाएँ	137
10.	आदिवासी और उनकी अर्थव्यवस्था	138
11.	विभिन्न आर्थिक योजनाएं	142
12.	विकास संस्थाएँ	148
13.	राजस्थान में सहकारिता	148
14.	लघु उद्यम, वित्तीय संस्था एवं विकास संस्थाएँ	153
	राजस्थान राजव्यवस्था	
1.	पंचायती राज	155
	संसार के व्यापक भौगोलिक क्षेत्र	
1.	संसार के व्यापक भौगोलिक क्षेत्र, महत्वपूर्ण स्थान एवं नदियाँ	160
2.	पहाड़	175
3.	महाद्वीप	177
	भारत का पर्यावरण और वन्यजीवन	
1.	सामान्य परिचय	184
2.	भौतिक विभाजन	188
3.	नदियाँ एवं झीलें	196
4.	जलवायु	207
5.	कृषि एवं पशुपालन	211
6.	मृदा / मिट्टी	224
7.	प्राकृतिक वनस्पतियाँ	228
8.	प्रमुख खनिज एवं ऊर्जा संसाधन	232
9.	भारतीय उद्योग	243
10.	परिवहन तंत्र	247
11.	पारिस्थितिकी	251

रेडक्लिफ रेखा

- रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सिरिल एम रेडक्लिफ को माना जाता है।
- रेडक्लिफ रेखा 17 अगस्त 1947 को भारत विभाजन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा बन गई।
- इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3310 किलोमीटर है।

रेडक्लिफ रेखा पर भारत के तीन राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेश स्थित हैं।

1. जम्मू-कश्मीर (1216 कि.मी. लद्दाख को मिलाकर)
2. लद्दाख
3. पंजाब (547 कि.मी.)
4. राजस्थान (1070 कि.मी.)
5. गुजरात (512 कि.मी.)

- रेडक्लिफ रेखा के साथ **राजस्थान की सर्वाधिक सीमा - (1070 कि.मी.)**
- रेडक्लिफ रेखा के साथ **सबसे कम सीमा- गुजरात (512 कि.मी.)**
- रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक नजदीक राजधानी मुख्यालय - श्रीनगर
- रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक दूर राजधानी मुख्यालय - जयपुर
- रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में बड़ा राज्य - राजस्थान
- रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में सबसे छोटा राज्य - पंजाब
- रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की कुल सीमा **1070 कि.मी.** है। जो **राजस्थान के पांच जिलों** से लगती है।
  1. श्रीगंगानगर-210 कि.मी.
  2. बीकानेर-168 कि.मी.
  3. फलौदी
  4. जैसलमेर- 464 कि.मी.
  5. बाड़मेर- 228 कि.मी.

  रेडक्लिफ पर सर्वाधिक सीमा जैसलमेर तथा न्यूनतम सीमा रेखा फलौदी बनाता है।

  41 जिले बनाने से पहले सबसे कम सीमा बीकानेर की लगती थी।

- रेडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में श्रीगंगानगर के **हिन्दूमल कोट** से लेकर दक्षिण - पश्चिम में बाड़मेर के ब्राह्मणों की ढाणी, बाखासर गाँव, सेडवा तहसील तक विस्तृत है।
- रेडक्लिफ रेखा पर पाकिस्तान के 9 जिले पंजाब प्रान्त का बहावलपुर, बहावल नगर व रहीमयारखान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट व थारपारकर राजस्थान से सीमा बनाती है।

राजस्थान के साथ सर्वाधिक सीमा – बहावलपुर
राजस्थान के साथ न्यूनतम सीमा- खैरपुर
राजस्थान के साथ सीमा पर पाकिस्तान का सबसे बड़ा जिला बहावलपुर है।
राजस्थान के साथ सीमा पर पाकिस्तान का सबसे छोटा जिला सुकुर है।

<u>पाकिस्तान के दो प्रांत राजस्थान की सीमा को छूते हैं।</u>

1. पंजाब प्रांत
2. सिंध प्रांत

- रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखा है।
- राजस्थान की रेडक्लिफ रेखा से सर्वाधिक सीमा जैसलमेर (464 कि.मी.) व न्यूनतम सीमा फलौदी की लगती है।
- रेडक्लिफ के नजदीक जिला मुख्यालय – श्री गंगानगर
- रेडक्लिफ के सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय – बीकानेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे बड़ा जिला - जैसलमेर



- राजस्थान के अंतर्राष्ट्रीय सीमा वाले जिले - 5 (श्री गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, फलौदी, बाड़मेर)
- राजस्थान के केवल अंतर्राष्ट्रीय सीमा वाले जिले - 3 (बीकानेर, जैसलमेर, फलौदी)

राजस्थान के 13 जिलें ऐसे जिलें हैं जो न तो अंतरराज्यीय सीमा बनाते हैं तथा न ही अंतरराष्ट्रीय।
झालावाड मध्यप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा (520 कि.मी) बनाता है तथा बाड़मेर गुजरात के साथ न्यूनतम 14 कि.मी. की सीमा बनाता है।

राजस्थान के 2 ऐसे जिले हैं जिनकी अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा है –

1. श्रीगंगानगर (पाकिस्तान + पंजाब)
2. बाड़मेर (पाकिस्तान + गुजरात)

राजस्थान के 4 जिले ऐसे हैं जिनकी सीमा दो – दो राज्यों से लगती है-
हनुमानगढ़ :- पंजाब + हरियाणा
धौलपुर :- उत्तरप्रदेश + मध्यप्रदेश
बाँसवाड़ा :- मध्यप्रदेश + गुजरात
डीग :- उत्तरप्रदेश + हरियाणा

शोर्ट ट्रिक

हरियाणा की सीमा से लगने वाले राजस्थान के जिले हैं।

***"खैर हनुमान** ने **डीग** के **झुन्झुने चुराकर कोट अली** को दिए"*

सूत्र		***जिला***
खैर	-	*खैरथल*
हनुमान	-	*हनुमानगढ़*
डीग	-	*डीग*
झुंझुन्ने	-	*झुंझुनू*
चुरा	-	*चुरू*
कोट	-	*कोटपूतली*
अली	-	*अलवर*

राजस्थान की सीमा से लगने वाले हरियाणा के जिले हैं।

***"महेंद्र मेवा रेवड़ी भी सिरसा हिसार फतेह** करके खाएगा"*

सूत्र		***जिला***
महेंद्र	-	*महेंद्रगढ़*
मेवा	-	*मेवात*
रेवड़ी	-	*रेवाड़ी*
भी	-	*भिवानी*
सिरसा	-	*सिरसा*
हिसार	-	*हिसार*
फतेह	-	*फतेहाबाद*

उत्तरप्रदेश (877 किमी॰)



- *राजस्थान के तीन जिलों (डीग, भरतपुर, धौलपुर) की सीमा उत्तरप्रदेश के दो जिलों (मथुरा व आगरा) से लगती है।*
- *उत्तरप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा भरतपुर व न्यूनतम सीमा डीग की लगती है।*
- *उत्तरप्रदेश की सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला भरतपुर व छोटा जिला डीग है।*

मध्यप्रदेश (1600 किमी॰)



- राजस्थान के 10 जिलों (धौलपुर, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, कोटा, झालावाड, बारां, बांसवाडा, करौली) की सीमा मध्यप्रदेश के 10 जिलों की सीमा से लगती है। (झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, निमच, अगरमालवा, राजगढ, गुना, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना) मध्यप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा झालावाड़ व न्यूनतम भीलवाड़ा की लगती है तथा सीमा के नजदीक मुख्यालय धौलपुर व दूर जिला मुख्यालय भीलवाड़ा है।
- मध्यप्रदेश राजस्थान की दक्षिण पूर्व दिशा में स्थित है।
- नीमच जिले के साथ राजस्थान की तीन दिशाओं से सीमा लगती है।

गुजरात (1022 किमी॰)

- राजस्थान के 6 जिलों (बाड़मेर, जालोर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बाँसवाड़ा) की सीमा गुजरात के 6 जिलों से लगती हैं। (कच्छ, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, माहीसागर, दाहोद) गुजरात के साथ सर्वाधिक सीमा उदयपुर व न्यूनतम सीमा बाड़मेर की लगती है तथा सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय डूंगरपुर व दूर मुख्यालय बाड़मेर है।
- गुजरात सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला बाड़मेर व छोटा जिला डूंगरपुर है।
- राजस्थान के पांच पड़ोसी राज्य है - पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात

❖ **अन्य तथ्य**

- 26 जनवरी 1950 को संवैधानिक रूप से हमारे राज्य का नाम राजस्थान पड़ा।
- राजस्थान अपने वर्तमान स्वरूप में 1 नवम्बर 1956 को आया । इस समय राजस्थान में कुल 26 जिले थे।
- 26 वाँ जिला – अजमेर - 1 नवम्बर, 1956
- 27 वाँ जिला – धौलपुर - 15 अप्रैल, 1982, यह भरतपुर से अलग होकर नया जिला बना।
- 28 वाँ जिला- बारां - 10 अप्रैल, 1991, यह कोटा से अलग हो कर नया जिला बना।
- 29 वाँ जिला – दौसा - 10 अप्रैल, 1991, यह जयपुर से अलग होकर नया जिला बना।
- 30 वाँ जिला राजसंमद – 10 अप्रैल, 1991, यह उदयपुर से अलग होकर नया जिला बना।
- 31 वाँ जिला – हनुमानगढ़ - 12 जुलाई, 1994, यह श्रीगंगानगर से अलग होकर नया जिला बना।
- 32 वाँ जिला करौली 19 जुलाई, 1997, यह सवाई माधोपुर से अलग होकर नया जिला बना।
- **33 वाँ जिला – प्रतापगढ़ - 26 जनवरी, 2008,** यह तीन जिलों से अलग होकर नया जिला बना।
- चित्तौड़गढ़ - छोटीसादड़ी, अरनोद, प्रतापगढ़ तहसील
- उदयपुर - धारियाबाद तहसील
- बाँसवाड़ा- पीपलखुट तहसील
- प्रतापगढ़ जिला परमेशचन्द्र कमेटी की सिफारिश पर बनाया गया ।
- प्रतापगढ़ जिले ने अपना कार्य 1 अप्रैल, 2008 से शुरू किया।

अंतर्राष्ट्रीय सीमा

अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले संभाग - बीकानेर व जोधपुर

- सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग - जोधपुर
- न्यूनतम अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग - बीकानेर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक संभागीय मुख्यालय - बीकानेर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा से दूर संभागीय मुख्यालय -जोधपुर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा संभाग - जोधपुर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर क्षेत्रफल में छोटा संभाग-बीकानेर

अंतर्राज्यीय सीमा

- अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाले संभाग – 7
- केवल अंतरराज्यीय सीमा बनाने वाले संभाग – 5
- अंतर्राष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय दोनों सीमा बनाने वाले संभाग -2 (बीकानेर व जोधपुर)
- सर्वाधिक अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाला संभाग – उदयपुर
- सबसे कम अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाला संभाग – अजमेर
- अंतर्राज्यीय सीमा के नजदीक संभागीय मुख्यालय - भरतपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा से दूर संभागीय मुख्यालय - जोधपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा संभाग -जोधपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा पर क्षेत्रफल में छोटा संभाग – भरतपुर
- दो बार अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाला संभाग -उदयपुर (चित्तौड़गढ़ के दो भाग)
- राजस्थान का मध्यवर्ती संभाग - अजमेर
- राजस्थान अपने **वर्तमान स्वरूप। नवम्बर 1956** को आया।
- 8 जिलों वाला संभाग – जोधपुर
- 7 जिलों वाले 2 संभाग (जयपुर व उदयपुर) हैं।
- 6 जिलों वाला संभाग अजमेर है।
- 5 जिलों वाला एक संभाग भरतपुर है।
- 4 जिलों वाले संभाग (बीकानेर व कोटा) हैं।
- राज्य के सर्वाधिक 6 संभागों की सीमा को स्पर्श करनें वाला संभाग – अजमेर
- तीन राज्यों की सीमा को स्पर्श करने वाला संभाग – भरतपुर संभाग
- सर्वाधिक वर्षा एवं आर्द्रता वाला संभाग – कोटा संभाग
- राजस्थान का पूर्वी संभाग – भरतपुर संभाग
- राजस्थान का पश्चिमी संभाग – जोधपुर संभाग
- राजस्थान का उत्तरी संभाग – बीकानेर
- राजस्थान का दक्षिणी संभाग – उदयपुर

❖ महत्त्वपूर्ण प्रश्न

1. राजस्थान दिवस मनाया जाता है ? - 30 मार्च
2. मत्स्य संघ का प्रशासन् राजस्थान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया ? – सन् 1949 में 15 मई 1949 को जब मत्स्य संघ का विलय संयक्त वृहत राजस्थान में किया गया।
3. राजपूताना के भौगोलिक क्षेत्र को राजस्थान नाम दिया गया? - 1 नवम्बर 1956
4. वृहत राजस्थान के प्रधानमंत्री थे? – हीरा लाल शास्त्री
5. कितनी रियासतों और ठिकानों के एकीकरण से राजस्थान का निर्माण हुआ ? - 19 रियासतें और 3 ठिकानें
6. 1527 में महाराणा सांगा व बाबर के मध्य खानवा का युद्ध किस जिले में हुआ ? - भरतपुर।
7. महाराणा प्रताप को किसने अपनी संपत्ति प्रदान की? - भामाशाह।
8. दिवेर के युद्ध (अक्टू- 1582) के पश्चात् महाराणा प्रताप की राजधानी कहाँ थी? - चावंड।
9. मेवाड़ के इतिहास में राजकुमार को बचाने के लिए अपने बच्चे की कुर्बानी दी?. पन्नाधाय।
10. अजयराज चौहान संस्थापक थे? – अजमेर के।
11. महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक कहाँ हुआ? – गोगुन्दा में।
12. आदिवराह की उपाधि किस राजपूत शासक ने धारण की ? – मिहिर भोज प्रथम (यह गुर्जर प्रतिहार वंश का था)।
13. युद्ध भूमि में जाते समय अपने पति द्वारा निशानी माँगने पर किस रानी ने अपना शीश काटकर भेंट कर दिया? –हाड़ी रानी।
14. राजपूतों के किस वंश ने जयपुर पर शासन् किया? - कच्छवाहा।
15. ताम्र नगरी सभ्यता कहलाती थी? – आहड़ की सभ्यता।
16. कालीबंगा कहा स्थित हैं? – हनुमानगढ़।
17. मौर्य सभ्यता के प्रमाण किस स्थान पर मिलें हैं? – विराटनगर जयपुर।
18. पाक सिन्धु सभ्यता व सिन्धु सभ्यता के अवशेष कहाँ से प्राप्त हुए हैं? – कालीबंगा से
19. प्राचीन हड़प्पा स्तरों में एक ही खेत में साथ - साथ दो फसलों को उगाने का साक्ष्य प्राप्त हुआ हैं? – कालीबंगा से।
20. राजस्थान में बौद्ध संस्कृति के अवशेष कहाँ मिलते हैं? – विराटनगर
21. राजस्थान में बौद्ध धर्म केमठ कहाँ मिले हैं? –विराट नगर जयपुर।
22. राजस्थान का अभिलेखागार कहाँ स्थित हैं? - बीकानेर।
23. एनाल्स एंड एंटीक्विटिस ऑफ राजस्थान किसने लिखी थी? – कर्नल जेम्स टॉड ने।
24. जेम्स टॉड कहाँ के पॉलिटिकल एजेंट थे? – पश्चिमी राजस्थान स्टेट का।
25. 1567 – 1568 ई. में चित्तौड़ के मुगल घेरे के दौरान दो राजपूत सामंतों ने दुर्ग की रक्षा करते हुए अपने प्राण त्याग दिए? - जयमल, पत्ता (फत्ता) ।
26. हल्दी घाटी युद्ध में एक मात्र मुस्लिम सरदार जो महाराणा प्रताप के साथ था? – हाकिम खांसरी।
27. मेवाड़ प्रजामंडल की स्थापना किसने की -माणिक्य लाल वर्मा।
28. राजपूताना के किस राज घराने ने प्रजामंडल को संरक्षण दे रखा था- झालावाड़
29. राजस्थान के किस क्षेत्र ने कृषक आन्दोलन प्रारंभ करने में पहल की - मेवाड़।
30. बिजोलिया किसान आन्दोलन के प्रणेता कौन थे – साधू सीताराम दास।

अरावली पर्वतमाला

- अरावली पर्वतमाला "प्राचीन गोंडवाना लैंड प्लेट" का हिस्सा हैं।
- आज वर्तमान में जो अरावली पर्वतमाला हमें देखने को मिलती हैं वह अपने वास्तविक रूप में नहीं हैं अर्थात् इसका मूल भाग नष्ट हो चुका हैं।
- यह मूल अरावली का खंड मात्र बचा हुआ हैं। इसी कारण इसे "**अवशिष्ट पर्वतमाला**" भी कहा जाता हैं
- इस पर्वतमाला की उत्पत्ति का काल प्रीकैंब्रियन (पेलियो जोइक) माना गया हैं अर्थात् अरावली पर्वतमाला विश्व की सबसे प्राचीनतम "**वलित पर्वतमाला**" हैं।

वलित पर्वत से आशय -

- "वलित पर्वत अर्थात् मोड़दार पर्वत वे पर्वत हैं जिनका निर्माण वलन नाम की भू-गर्भिक प्रक्रिया के तहत हुआ हैं।
- प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के बाद इन के निर्माण के बारे में यह माना जाता हैं कि भू - सन्नतियों में जमा अवसादों की दो प्लेटों के आपस में करीब आने के कारण दबकर और सिकुड़ कर जो सिलवटें ऊपर की ओर उठती हैं उससे जो निर्माण होता हैं उस पर्वत को वलित पर्वत कहते हैं
- टर्शियरी युग में बने वलित पर्वत आज सबसे महत्त्वपूर्ण पर्वत श्रृंखला में हैं जैसे आल्प्स पर्वत, हिमालय पर्वतमाला, इत्यादि ।
- विश्व के नवीनतम पर्वत हिमालय, यूराल, एंडीज इत्यादि सभी वलित पर्वत हैं।
- रूस में उपस्थित यूराल पर्वत गोलाकार दिखाई देता हैं और इसकी ऊँचाई काफी कम हैं भारत की **अरावली पर्वतमाला विश्व की सबसे प्राचीन वलित पर्वत श्रृंखला हैं ।**"

अरावली पर्वतमाला को अलग - अलग स्थानों पर अलग - अलग नामों से पुकारा जाता हैं जैसे -

क्षेत्र		**उपनाम**
बूंदी में	-	आडावाला पर्वत
गुजरात में	-	अरावली पर्वत
सीकर में	-	माल खेत की पहाड़ियाँ
जालौर तथा बालोतरा में	-	मालाणी
उदयपुर जिले में	-	एडाबेटा

नोट -

- अरावली पर्वतमाला की भू-गर्भिक बनावट का अध्ययन करने वाला **प्रथम व्यक्ति ए. एम. हेरोन** था, जिसने 1923 में अरावली पर्वतमाला का सर्वप्रथम अध्ययन किया।
- **अरावली पर्वतमाला** की तुलना **अमेरिका के अल्पेशियन पर्वतों** से की जाती हैं।
- अरावली पर्वतमाला को **नदियों की जन्मस्थली भी** कहा जाता हैं।

अरावली पर्वतमाला का विस्तार एवं स्थिति -

1. अरावली पर्वतमाला का **उद्भव सबसे दक्षिण में अरब सागर में स्थित मिनिकॉय द्वीप (लक्षद्वीप) से माना जाता हैं** अर्थात् अरावली की जड़ें **अरब सागर** से प्रारंभ होती हैं इसलिए अरब सागर को अरावली की **"उत्पत्ति स्थल या पिता"** कहा जाता हैं ।

2. भारत में अरावली पर्वतमाला का **विस्तार दक्षिण पश्चिम में गुजरात के "पालनपुर"** नामक स्थान **से उत्तर - पूर्व में दिल्ली के "पालम"** नामक स्थान पर समाप्त होती हैं यहाँ पर **इन्हें "रायसीना की पहाड़ियों"** के नाम से जाना जाता हैं इन्हीं रायसीना की पहाड़ियों पर **"राष्ट्रपति भवन"** बना हुआ हैं पालनपुर **(गुजरात)** से **पालम** (दिल्ली) तक इसकी **कुल लंबाई 692 किलो मीटर हैं।**

राष्ट्रपति भवन

- यह भारत के राष्ट्रपति का राजकीय निवास होता हैं यह अद्भुत एवं विशाल भवन रायसीना की पहाड़ी जो कि अरावली पर्वत श्रेणी का भाग हैं पर स्थित हैं।
- यह दुनिया की विशालतम इमारतों में से एक हैं राष्ट्रपति भवन वास्तु कला का उत्कृष्ट नमूना हैं।
- इस भवन के निर्माण की सोच सर्वप्रथम 1911 में उस समय उत्पन्न हुई जब दिल्ली दरबार ने निर्णय किया कि भारत की राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित की जाएगी।
- इस समय यह भी निर्णय लिया गया था कि दिल्ली में ब्रिटिश वायसराय के रहने के लिए एक आलीशान भवन का निर्माण किया जाएगा।
- यह इमारत 330 एकड़ में फैली हुई हैं । **इस विशाल इमारत का डिजाइन सर एडविन लैंडसीर लुटियस द्वारा तैयार किया गया था।**

3. **राजस्थान में अरावली पर्वतमाला का विस्तार सिरोही जिले के "खेड ब्रह्मा" से झुंझुनूं जिले के "सिंघाना", खेतड़ी तक हैं। राजस्थान में अरावली की कुल लंबाई 550 किलो मीटर हैं।**

4. अरावली की कुल लंबाई का 79.48% **(लगभग 80%) भाग राजस्थान में** स्थित हैं जिसका **आकार एक वाद्ययंत्र "तानपुरे"** के समान हैं। अरावली पर्वतमाला की तुलना अमेरिका मे स्थित अल्पेशियन पर्वतों से की जाती हैं जो कि लगभग 60 से 55 करोड़ वर्ष पुराने हैं।

5. उत्पत्ति के आधार पर अरावली पर्वतमाला एक **वलित पर्वत** (जिसका विकास हो रहा हैं) तथा **वर्तमान में एक अवशिष्ट पर्वत हैं। इसकी औसत ऊँचाई पहले 5000 मीटर** थी जो कि **वर्तमान में 920 मीटर समुद्र तल से** हैं।

6. अरावली पर्वतमाला राज्य के लगभग बीच में स्थित हैं इसलिए राज्य को दो भागों में विभाजित करती हैं पूर्वी भाग व दक्षिणी भाग।

7. अरावली के पश्चिम में लगभग 60% भू - भाग पर राज्य की 40% जनसंख्या निवास करती है।

8. **अरावली का सर्वाधिक विस्तार दक्षिणी राजस्थान / उदयपुर जिले में है** तथा **सबसे कम विस्तार मध्य राजस्थान / ब्यावर में** है और **अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटी** "**गुरु शिखर**" है और जब कि **सबसे नीचे चोटी** "**अजमेर जिले**" **में पुष्कर घाटी है।**

9. यह प्रदेश राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग 9% भाग है तथा इस पर राज्य की लगभग 10% जनसँख्या निवास करती है।

- **गुरुशिखर जिसे गुरुमाथा** भी कहा जाता है। हिमालय पर्वत के माउंट एवरेस्ट तथा पश्चिमी घाट के नीलगिरी पर्वत के मध्य की सबसे ऊंची चोटी है।
- **कर्नल जेम्स टॉड** ने यहाँ पर संतों को तपस्या करते हुए देखा था इससे प्रभावित होकर कर्नल जेम्स टॉड ने **इसे संतो का शिखर / हिन्दू ओलम्पस का नाम दिया है** इसकी **औसत ऊँचाई 1722 मीटर** है।
- इसकी चोटी पर दत्तात्रेय ऋषि का मंदिर बना हुआ है।
- यदि इस मंदिर की ऊँचाई को शामिल करें तो गुरु शिखर की कुल ऊँचाई 1727 मीटर होती है।
- गुरुशिखर के नीचे **राज्य का एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल** "**माउंट आबू**" **स्थित है।**

10. अरावली पर्वतमाला राज्य की नदियों को दो भागों में विभाजित करती है पश्चिमी भाग और पूर्वी भाग। **अरावली के पश्चिम में बहने** वाली नदियाँ अपना जल **अरब सागर में** तथा अरावली के **पूर्व में बहने वाली नदियाँ** अपना जल **बंगाल की खाड़ी में लेकर** जाते हैं।

11. **अरावली पर्वतमाला पश्चिमी मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकती है** जैसा कि आपको पता है मरुस्थल अभी भी लगातार फैल रहा है।

12. अरावली पर्वतमाला **बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून को रोककर वर्षा करने में सहायक** भी होती है लेकिन अरावली पर्वतमाला से होने वाला "**सबसे बड़ा नुकसान**" यह है कि अरावली पर्वतमाला की स्थिति **अरब सागर के मानसून के समांतर होने के कारण यह बिना वर्षा किए ही गुजर जाता है** इसी वजह से राजस्थान में बहुत कम वर्षा होती है।

13. अरावली पर्वतमाला में पर्वतीय चट्टानों के टूटने से पर्वतीय मिट्टी का निर्माण होता है एवं जिस **पर्वतीय मिट्टी में चूने की अधिक मात्रा होती है उसे लेटेराइट मिट्टी** कहा जाता है इस प्रकार इस अरावली क्षेत्र में पाई जाने वाली मिट्टी लेटेराइट मिट्टी है।

14. अरावली पर्वतमाला का विस्तार "**दक्षिण पश्चिम से उत्तर पूर्व**" **की ओर** है। अरावली पर्वतमाला की चौड़ाई और ऊँचाई लगातार "दक्षिण - पश्चिम से उत्तर - पूर्व" की ओर कम होती जाती है जबकि इसकी चौड़ाई और ऊँचाई "उत्तर - पूर्व से दक्षिण - पश्चिम" की ओर बढ़ती जाती है।

15. अरावली पर्वतमाला भारत की एक महान **जल विभाजक** के रूप में भी कार्य करती है, इसके दोनों ओर नदियाँ बहती हैं।

16. अरावली पर्वतमाला राज्य के **कुल भू-भाग का 9% भाग** है जिस पर **संपूर्ण राज्य की 10% जनसंख्या निवास करती है।**

17. अरावली पर्वतमाला में मुख्य रूप से ढलान पहाड़ियों पर मक्का की खेती की जाती है। इस क्षेत्र में **उष्ण कटिबंधीय वन** पाए जाते है। इस क्षेत्र में **कंक्रीट लाल मिट्टी** पाई जाती है।

नोट – अरावली पर्वतमाला को अध्ययन की दृष्टि से मुख्य रूप से तीन भागों में बाँटा गया है -
1. उत्तरी – पूर्वी अरावली 2. मध्यवर्ती अरावली 3. दक्षिणी अरावली

1. **उत्तरी – पूर्वी अरावली –** इस क्षेत्र का विस्तार **जयपुर, खैरथल तिजारा, झुंझुनू, सीकर, डीडवाना - कुचामन, दौसा, अलवर,** जिले में है। इस क्षेत्र में अरावली की श्रेणियां अनवरत ना होकर दूर - दूर हो जाती है। इस क्षेत्र में पहाड़ियों की सामान्य ऊँचाई 450 मीटर से 700 मीटर तक है इस प्रदेश की **प्रमुख चोटियाँ रघुनाथगढ़ (सीकर) 1055 मीटर,** खोह (जयपुर) 920 मीटर, भेराच (अलवर) 792 मीटर, बरवाड़ा (जयपुर) 786 मीटर है।

2. **मध्यवर्ती अरावली –** इस भाग में अरावली का विस्तार कम पाया जाता है जो कि ब्यावर के समीप है इसकी **सबसे ऊंची चोटी नाग पहाड़ियों में स्थित तारागढ़ (870 मीटर अजमेर) है** इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 550 मीटर है। अरावली का यह भाग कटा - फटा होने के कारण यहाँ **अत्यधिक मात्रा में दर्रे** (स्थानीय भाषा में **नाल कटा** कहा जाता है) पाए जाते हैं जैसे - भीलवाड़ा की नाल (पाली), सोमेश्वर की नाल (पाली), बर दर्रा (पाली)
यह मुख्य रूप से अजमेर, पाली, ब्यावर, राजसमंद व कुछ भाग नागौर में विस्तृत है।

3. **दक्षिणी अरावली –** यह मुख्य रूप से **सिरोही, उदयपुर, राजसमंद, सलूम्बर, डूंगरपुर** में विस्तृत है। इसकी **सबसे ऊंची चोटी जरगा चोटी (1448 मीटर उदयपुर में) है।** इसकी समुद्र तल से औसत ऊँचाई 1000 मीटर है। इसमें मुख्य रूप से फुलवारी की नाल (उदयपुर), केवड़ा की नाल (उदयपुर) हल्दीघाटी की नाल (राजसमंद) में प्रमुख दर्रे पाए जाते हैं।

नोट – फुलवारी की नाल वन्य जीव अभ्यारण्य तथा मानसी वाकल बेसिन के लिए प्रसिद्ध है। राज्य में सर्वाधिक नदियों का उद्गम अरावली पर्वत से होता है जबकि **सर्वाधिक नदियाँ कोटा संभाग में बहती हैं।**

- *तालछापर झील चूरू में स्थित है।*
- ***डेगाना झील नागौर में स्थित है।***
- *फलौदी झील, बाप झील- फलौदी जिले में स्थित है। इस झील में राज्य का पहला कोयला संयंत्र स्थापित किया गया है।*
- *कावोद झील जैसलमेर में स्थित है।*
- *पोकरण झील जैसलमेर में स्थित है।*
- *कुचामन झील – डीडवाना – कुचामन जिले में स्थित है।*

(ब) <u>राजस्थान में मीठे पानी की झीलें –</u>

<u>शोर्ट ट्रिक</u>

राजस्थान की मीठे पानी की झीलों के नाम:-

"जयराज, अना, नडीसि कोका फतेह कर"

सूत्र		***झीलें***
जय	-	*जयसमन्द झील*
राज	-	*राजसमन्द झील*
अना	-	*अनासागर झील*
न	-	*नक्की झील*
डी	-	*डीड़वाना झील*
सि	-	*सिलिसेढ़ झील*
को	-	*कोलायत झील*
का	-	*कायलाना झील*
फतेह	-	*फतेहसागर झील*



<u>विस्तृत वर्णन</u> *–*

I. <u>पुष्कर झील</u> *–*

- *राजस्थान राज्य के **अजमेर जिले के पुष्कर नामक स्थान पर** (अजमेर शहर से 11 किलो मीटर दूर) स्थित पुष्कर झील एक प्रसिद्ध झील है।*
- *ऐसा माना जाता है कि इस झील **का निर्माण पुष्करणा ब्राह्मणों द्वारा** करवाया गया था इसलिए इस झील का नाम "पुष्कर झील" पड़ा, **लेकिन भौगोलिक मान्यताओं के अनुसार इस झील का निर्माण ज्वालामुखी से हुआ है इसलिए इसे क्रेटर झील भी कहा जाता है।***
- ***यह राजस्थान की प्राचीन, प्राकृतिक एवं सबसे पवित्र झील है।***
- ***इस झील के किनारे प्रसिद्ध ब्रह्माजी का मंदिर स्थित है** ऐसा माना जाता है कि ब्रह्माजी मंदिर में मूर्ति आद्यगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित की गई थी। इस मंदिर का निर्माण दसवीं सदी में पंडित गोकुल चंद पारीक ने करवाया था।*

(नोट :- राजस्थान के बालोतरा जिले में आसोतरा नामक स्थान पर एक अन्य ब्रह्माजी का मंदिर है।)

- ***इस झील को अन्य नामों*** *से भी जाना जाता है, जैसे –* ***कोंकण तीर्थ, तीर्थ स्थलों का मामा*** *52 घाट मंदिरों की नगरी, प्रयागराज का गुरु, हिन्दुओं का पांचवा तीर्थ स्थल इत्यादि।*
- *इस झील के किनारे कार्तिक मास की पूर्णिमा को मेला लगता है । यह मेला राजस्थान का सबसे बड़ा रंगीन मेला है जो प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा को विशाल मेले के रूप में आयोजित किया जाता है। यह मेला राजस्थान में आय की दृष्टि से सबसे बड़ा मेला है।*
- *महाभारत के बाद पांडवों ने यहाँ स्नान किया था तथा कौरव व पांडवों का मिलन भी इसी झील के तट पर हुआ था।*
- *प्राचीन काल में विश्वामित्र ने इसी झील के किनारे तपस्या की थी।*
- *वेदव्यास जी ने महाभारत की रचना एवं वेदों का संहिताकरण इसी झील के किनारे किया था।*
- *भगवान राम ने अपने पिता दशरथ का पिंडदान इसी झील में किया था।*
- *पुष्कर झील में कुल 52 घाट हैं इसलिए इसे बावन घाटा के नाम से भी जाना जाता है इसमें एक महिला घाट भी है जो महिलाओं के स्नान के लिए बनवाया गया था जिसका निर्माण 1911 ई. में मैडम मैरी के द्वारा करवाया गया था । इस घाट को गाँधी घाट के नाम से जाना जाता है।*
- ***इस झील के तट पर प्रसिद्ध वराह मंदिर है जिसका निर्माण आनाजी (अर्णोराज) के द्वारा*** *करवाया गया था।*
- *इसी झील के तट पर द्रविड़ शैली में निर्मित रंगाजी रंगनाथ जी बैंकुंठ मंदिर है।*
- *इसी झील के समीप रत्नागिरी पर्वत पर सावित्री मंदिर भी स्थित है।*
- ***कालिदास ने अपने ग्रंथ "अभिज्ञान शाकुंतलम्" की रचना इसी झील के तट पर*** *की थी।*
- ***महात्मा गांधी की अस्थियां इसी झील में*** *प्रवाहित की गई थी इसीलिए इस झील को* ***"गांधी घाट"*** *के नाम से भी जाना जाता है ।*
- *इसी झील के समीप आमेर के मानसिंह प्रथम द्वारा निर्मित मान पैलेस है वर्तमान में यहाँ मान पैलस होटल का संचालन किया जा रहा है।*
- *इस झील के आस-पास छोटे-बड़े लगभग 400 मंदिर स्थित हैं इस कारण* ***पुष्कर झील को मंदिरों की नगरी"*** *भी कहा जाता है।*
- *इस झील को सर्वाधिक हानि पहुंचाने वाला मुगल बादशाह औरंगजेब था।*
- *सन् 1705 ईस्वी में गुरु गोविंद सिंह इस झील के किनारे गुरु गोविंद साहब का पाठ किया था तथा सन् 1809 में इस झील का पुर्नद्वार मराठों के द्वारा करवाया गया था।*
- *1997-98 ई. में कनाडा के सहयोग से यहाँ सफाई कार्य करवाया गया ।*
- ***पुष्कर के पंचकुण्ड को "मृगवन" घोषित किया गया है।***

2. <u>जयसमंद झील</u> -

- *राज्य के* ***सलूम्बर*** *जिले में स्थित* ***जयसमंद झील को ढेबर झील*** *के नाम से भी जाना जाता है।*
- ***इस झील का निर्माण गौतमी नदी, झामरी नदी तथा बगार नदी का पानी रोक कर मेवाड़ के राजा जयसिंह के द्वारा*** *1685 - 91 में करवाया गया था।*
- ***यह झील एशिया की दूसरी तथा राजस्थान की प्रथम मीठे पानी की सबसे बड़ी, कृत्रिम झील है।***
- ***इस झील पर छोटे-बड़े कुल 7 टापू स्थित हैं*** *जिन पर भील तथा मीणा जनजाति के लोग निवास करते हैं इनमें से* ***सबसे बड़ा टापू "बाबा का भांगड़ा" है जबकि सबसे छोटा टापू "प्यारी" है।***
- *इस झील के एक टापू का नाम* ***"बाबा का मगरा"*** *भी है, जिस पर वर्तमान में एक होटल संचालित किया जा रहा है इस होटल का नाम आइसलैंड रिसोर्ट है।*
- ***इस झील से सिंचाई के लिए दो नहरे निकलती हैं – इनमें से एक का नाम श्यामपुरा और दूसरी भाट है इन दोनों*** *नेहरों की कुल लंबाई 324 किलो मीटर है।*
- *इस झील की लंबाई 15 किलो मीटर तथा चौड़ाई अधिकतम 8 किलोमीटरहै।*
- *इस झील में 6 कलात्मक छतरियां एवं प्रसाद बने हुए हैं।*
- *जयसमंद झील से उदयपुर जिले को पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है ।*
- ***इस झील के तट पर नर्मदेश्वर शिवालय, चित्रित हवा महल तथा रूठी रानी क महल स्थित*** *है।*

3. <u>राजसमंद झील</u> -

- *राजसमन्द जिले में स्थित इस झील का* ***निर्माण मेवाड़ के राजा राजसिंह के द्वारा गोमती नदी का पानी रोक कर*** *सन् 1662 से 1680 के बीच में करवाया गया था। इस झील की कुल लंबाई लगभग 6.5 किलोमीटर तथा चौड़ाई लगभग 3 किलोमीटर है।*
- *यह राज्य में एकमात्र ऐसी झील है, जिसका नामकरण किसी जिले के नाम पर हुआ है।*
- *राजसमंद झील राज्य की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की कृत्रिम झील है।*
- ***राजसमंद झील के तट पर एशिया की सबसे बड़ी प्रशस्ति "राज प्रशस्ति" 25 बड़े शिलालेखों पर उत्कीर्ण हैं। राज प्रशस्ति की रचना राजा "राजसिंह" के दरबारी कवि रणछोड़भट्ट तैलंग के द्वारा की गई थी*** *। संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण इस प्रशस्ति पर* ***1017 श्लोक उत्कीर्ण*** *हैं।*
- *राजसमंद झील के तट पर प्रसिद्ध द्वारकाधीश का मंदिर है यहीं पर वल्लभ संप्रदाय की पीठ भी स्थित है । यहाँ पर एक प्रसिद्ध त्यौहार मनाया जाता है जिसको "अन्नकूट महोत्सव" के नाम से जानते हैं।*
- *राजसमंद झील के तट पर "बिना पति के सती होने वाली* ***घेवर माता का मंदिर"*** *स्थित है।*

- इस झील को एक अन्य नाम "राजसमुद्र" के नाम से भी जानते हैं।
- इस झील को राज्य सरकार ने धार्मिक दृष्टि से पुष्कर की तरह पवित्र घोषित किया है अर्थात् राज्य सरकार ने इस झील को सबसे पवित्र झील घोषित किया है।

4. पिछोला झील -

- राज्य के **उदयपुर जिले में स्थित** पिछोला झील का निर्माण सन् 1387 में **राणा लाखा के काल में एक पिच्छू / छित्र नामक चिड़ीमार बंजारे ने अपने बैल की स्मृति (याद)** में करवाया था । यह झील उदयपुर की सबसे प्राचीन तथा सबसे सुंदर झील है
- सन् 1525 ईस्वी में **राणा सांगा ने पिछोला झील का जीर्णोद्धार करवाया** था इस झील को पक्का कराने का श्रेय राजा उदयसिंह को जाता है।
- **पिछोला झील के तट पर एक जग मंदिर** स्थित है । इस मंदिर का निर्माण कार्य 1551 में महाराणा अमर सिंह ने शुरू करवाया था तथा महाराणा करण सिंह (1620-1628) तक ने इसका कार्य जारी रखा, और इसका पूर्ण कार्य महाराणा जगतसिंह ने (1628-1652) में करवाया था।
- 1857 की क्रांति के समय अंग्रेजों ने इसी झील के किनारे शरण ली थी तथा खुर्रम शाहजहाँ ने भी अपने विद्रोही दिनों में यहाँ पर शरण ली थी।
- **इस झील के तट पर जगनिवास स्थित है** जिसका निर्माण 1746 में मेवाड़ के तत्कालीन शासक **जगतसिंह द्वितीय के द्वारा** करवाया गया था। इसी जगनिवास महल को देखकर ही शाहजहाँ को ताजमहल बनाने की प्रेरणा मिली थी।
- यहाँ पर एक बीजारी नामक स्थान पर **गलनी / नटनी नामक चबूतरा स्थित है पिछोला झील के तट पर अमरचंद बंडवा द्वारा निर्मित बागोर की हवेली स्थित हैं जहाँ पर विश्व की सबसे बड़ी पगड़ी रखी हुई है।**
- पिछोला झील में भारत की सबसे पहली सौर ऊर्जा चलित नाव चलाई गई थी।
- पिछोला झील के तट पर महाराणा प्रताप ने मानसिंह प्रथम के लिए रात्रिभोज का आयोजन भी करवाया था।
- **पिछोला झील के तट पर उदयसिंह के द्वारा निर्मित राजमहल सिटी पैलेस स्थित है।** इतिहासकार फर्ग्युसन ने उदयपुर में स्थित राजमहलों की तुलना लंदन में स्थित विंडसर महलों से की है।

5. फतेहसागर झील -

- राज्य के **उदयपुर जिले में स्थित पिछोला झील के समीप देवाली नामक गाँव में स्थित** फतेहसागर झील का निर्माण 1678 ईस्वी में **ड्यूक ऑफ कनॉट के द्वारा** करवाया गया था इस कारण **इस झील को "कनॉट बाँध"** भी कहा जाता है।
- इस झील का **पुनरुद्धार** सन् 1888 में **महाराणा फतेहसिंह** के द्वारा करवाया गया था । इसलिए **इस झील को फतेहसागर झील के नाम से भी जानते हैं इस झील के समीप "मोती का मगरी" नामक पहाड़ी पर महाराणा प्रताप का स्मारक बना हुआ है।**
- इस झील में एक टापू है जिस पर नेहरू उद्यान स्थित है।
- इस झील के तट पर उदयसिंह के द्वारा उदयपुर की स्थापना से पहले निर्मित **एक मोती महल** की स्थापना की गई थी ।
- **इस झील में एक सौर वेधशाला की भी स्थापना की गई थीं**
- मौसम की सटीक गति विधियों का पता लगाने हेतु इस झील के तट पर एक टेलीस्कोप स्थापित किया गया । जिसका निर्माण बेल्जियम के द्वारा किया गया था।
- यह झील पिछोला झील से जुड़ी हुई है।

6. नक्की झील -

- राजस्थान राज्य के **सिरोही जिले में माउंट आबू स्थित पर "नक्की झील" राजस्थान की सर्वाधिक ऊंची तथा सबसे गहरी झील है।**
- इस झील का **निर्माण ज्वालामुखी उद्भेदन से** अर्थात् प्राकृतिक रूप से हुआ है अतः यह एक **क्रेटर झील** है, लेकिन पौराणिक मान्यता के अनुसार इस झील का **निर्माण देवताओं ने अपने नाखूनों से खोदकर किया था इसीलिए इस को नक्की झील कहा जाता है।**
- यह झील पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है इस झील में एक टापू है जिस पर रघुनाथ जी का मंदिर बना हुआ है, इसके अलावा **इनके एक तरफ मेंढक जैसी चट्टानें बनी हुई है जिसे टॉड-रॉक कहा जाता है।**
- एक चट्टान की आकृति महिला के समान (घूंघट निकाले स्त्री के समान) है इसे **"नन रॉक"** कहा जाता है । एक आकृति लड़का - लड़की जैसी है जिसे **"कपल रॉक"** कहा जाता है इस झील के किनारे **"सन् सेट पॉइंट तथा हनीमून प्वाइंट"** स्थित है।
- इस झील के किनारे की पहाड़ियों के बीच में रामकुंड के नीचे 16 वीं शताब्दी का रघुनाथ जी का मंदिर स्थित है। इसके अलावा हाथी गुफा, चंपा गुफा, राम झरोखा, अन्य दर्शनीय स्थल है।
- **यह झील गरासिया जनजाति का आध्यात्मिक केंद्र है।**
- इसके समीप ही **"अबुदा देवी"** का मंदिर स्थित है अतः इस पर्वत को आबू पर्वत कहा जाता है।

7. आनासागर झील

- राज्य के **अजमेर जिले में स्थित आना सागर** झील का निर्माण 1137 ईस्वी में **अर्णोराज** (आनाजी) के द्वारा करवाया गया था ।
- ऐसा माना जाता है कि तुर्की की सेना में हुए नरसंहार के बाद खून से रंगी हुई धरती को साफ करने के लिए इस झील का निर्माण करवाया गया था।
- आना सागर झील के तट पर जहाँगीर द्वारा निर्मित एक **दौलत बाग** है **जिसे वर्तमान में 'सुभाष उद्यान"** कहा जाता है ।
- सुभाष उद्यान नामक स्थान पर जहाँगीर ने सर्वप्रथम सर टॉमस रो जो कि एक अंग्रेज था उससे वार्तालाप किया था

- यह उदयपुर का प्रसिद्ध है ।
